


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 277 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | बुधवार 23 जुलाई 2025 | मूल्य 2 रुपया

## शादी का झांसा देकर ठगी करने वाला धराया

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** शहर कोतवाली पुलिस ने ऑनलाइन मेट्रीमोनियल वेबसाइट के माध्यम से शादी का झांसा देकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी रमणिक वर्मा ने जीवनसाथी डॉट कॉम पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर कई लोगों से धोखाधड़ी की, जिसमें अब तक 15 से 20 पीड़ित सामने आ चुके हैं।



फरियादी रितिक सोनी निवासी खानपुरा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने अपनी बहन की शादी के लिए जनवरी 2025 में जीवनसाथी डॉट कॉम पर एक प्रोफाइल अर्जुन सोनी नाम से देखी। आरोपी ने पांच अलग-अलग मोबाइल नंबरों से संपर्क कर फरवरी से जून 2025 के बीच ... शेष पेज 4 पर

## धनखड़ का इस्तीफा और मीडिया के हाल...

दूर-दूर तक कहीं कोई सुगबुगाहट नहीं। अचानक से उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के इस्तीफे की खबर सामने आती है। और सब भोचक्के... उप राष्ट्रपति ने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला दिया। लेकिन दिनभर वे सामान्य तरीके से राज्यसभा की कार्यवाही में भाग लेते रहे। पिछले एक डेढ़ दशक में भाजपा और उससे जुड़े नेताओं की कार्यशैली में गोपनीयता का जबरदस्त असर है। इसमें सबसे बुरा हाल मीडिया का है। सरकार के फैसलों और सत्तासीन पार्टी की गतिविधियों पर निर्णय सामने आने तक मीडिया में सुगबुगाहट तक नहीं हो पाती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का मामला अब तक लटका हुआ है। इसके कारण क्या हो सकते हैं और अगला अध्यक्ष कौन बन सकता है, इस पर एक भी विश्वसनीय कही जा सकने वाली खबर सामने नहीं है। जाहिर है, उप राष्ट्रपति के इस्तीफे के पीछे कहीं न कहीं सत्तापक्ष में कोई कलह जरूर है। विपक्षी कांग्रेस ने इसके अपने कारण खोजे हैं, लेकिन मीडिया से इस इस्तीफे के कारणों पर कोई विश्वास करने लायक खबर अभी तक सामने नहीं है।



प्रकाश भटनागर

इतना तो तय है कि यह सब अचानक नहीं ही हुआ होगा। इस 'अचानक' को गौर से देखें। कहा जा सकता है कि इस अचानक में समूचे मीडिया को बंद कर शून्य के साथ उसका गुणा कर दिया गया है। देश के सियासी इतिहास की इतनी बड़ी घटना से जुड़े क्रम आकार लेते रहे। लेकिन, मीडिया को इसकी भनक तक नहीं लग सकी। यह लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की वह शोचनीय स्थिति है, जिस पर गंभीरता से सोचना बहुत जरूरी है।

यह अनिवार्य हो गया है कि मीडिया को जीवंत संपर्क वाले सबक से फिर रूबरू कराया जाए। इस सबक को बिसरा दिए जाने के चलते ही वो सूत्र तितर-बितर हो गए हैं, जो किसी समय धनखड़ जैसे बहुत बड़े घटनाक्रम का बेहद विश्वसनीय तरीके से कम से कम संकेत तो दे ही दिया करते थे। मोदी-शाह के इस दौर में भाजपा यूं ही अपने कामकाज को बहुत गोपनीय तरीके से करती है। उसके मजबूत तंत्र में 'सुराख' लगाकर किसी ऐसी खबर का सुराग लगा पाना कठिन होता है, जो खबर पार्टी बाहर आने नहीं देना चाहती। बाकी खुद मीडिया ने ही काफी हद तक इस मामले में खुद को कमजोर कर लिया है।

संपर्क के नाम पर सिमटने के साथ ही सोचने-समझने वाली प्रक्रिया के संकुचन को भी मीडिया के बड़े हिस्से ने अंगीकार कर लिया है। एक उदाहरण से इसे समझिए। मोतीलाल वोरा तब मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हुआ करते थे। भोपाल से निकलने वाले एक अखबार ने हैरत में डालने वाला समाचार प्रकाशित किया कि वोरा को हटाकर अर्जुन सिंह को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाया जा रहा है। जल्दी ही ऐसा हो भी गया। यह खबर देने वाले पत्रकार से बाद में मेरी इस पर चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि खबर वाले दिन वो वोरा से मिलने के लिए मुख्यमंत्री निवास गए थे। मुख्यमंत्री कुछ ठीक मूड में नहीं थे। बातचीत के बीच ही दिल्ली से उनके लिए किसी का फोन आया। वोरा ने 'हां' 'हूं' में बात की। मगर फोन रखने से ठीक पहले उन्होंने अपने स्वभाव से बिलकुल अलग जाते हुए गुस्से में कहा, 'जी हां, वही...जो पहले थे।' आप सोचिए कि किसी के चेहरे के हाव भाव और फोन पर नाम-मात्र की बातचीत के आधार पर इतनी बड़ी और सही खबर तैयार कर ली गई थी और अर्जुन सिंह एक बार फिर मुख्यमंत्री बन गए थे।

अब ऐसा तो है नहीं कि आज के मीडिया में ऐसी समझ नहीं है। लेकिन, उसमें खबरों को सूंघने की वो ललक खत्म हो गई है। 'ऑफ दि रिकॉर्ड' बातचीत तो अब गोया कि गुजरे दौर की बात हो चुकी है। इलेक्ट्रानिक मीडिया के दौर में चेहरा चमकाने का मामला है, तो नेता भी प्रिंट से अधिक तवज्जो कैमरा लेकर खड़े इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को देने लगे हैं। अब कैमरे के सामने तो गोपनीय बात उजागर करने का सवाल ही नहीं उठता और न ही वहां अनौपचारिक संवाद की कोई गुंजाइश रहती है।

इसके साथ ही विज्ञापन का वो तत्व भी दिखता है, जो पत्रकारों को खबरों के लिहाज से संपर्क और संवाद से अलग करता जा रहा है। किसी भी मीडिया हाउस की आर्थिक आवश्यकताओं की सबसे ज्यादा उम्मीद और पूर्ति सरकारी विज्ञापनों से ही होती है। बाजार से मिलने वाले विज्ञापनों का करीब 49 प्रतिशत हिस्सा अब डिजिटल मीडिया को मिलने लगा है। ऐसे में सत्ता को अप्रिय खबरों के लिहाज से कुरेदने में पत्रकार संस्थान सहित खुद की नौकरी के लिहाज से भी 'बड़ा जोखिम' महसूस करने लगा है। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर मीडिया के नाम पर असंख्य ऐसे लोग भी दिख जाते हैं, जो सच्चे मीडिया वाली प्रतिबद्धताओं को ताक पर रखकर ठाठ से काम कर रहे हैं। अनेक पॉडकास्ट विशुद्ध रूप से 'प्रायोजित' दिखते हैं। वो अपनी एक ही प्रस्तुति से किसी को पलक झपकते ही सारी दुनिया के सामने परोस सकते हैं। इन सब हालात ने खबरों के लिहाज से मीडिया के मिजाज को जिस बुरी तरह प्रभावित किया है, धनखड़ का अचानक सामने आया इस्तीफा उसकी ताजा बानगी ही है।

# दो माह में चार सौ जन हुए कुत्तों के शिकार



## बारिश में बढ़ा स्ट्रीट डॉग का आतंक, पिछले साल से ज्यादा सक्रिय

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। बारिश में फिर से एक बार कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। नपा द्वारा कुत्तों की नसबंदी कर समस्या को हल करने का प्रयास करने का दावा जरूर किया जा रहा है। लेकिन, हकीकत यह है कि पिछले साल से इस बार कुत्तों का आतंक ज्यादा बढ़ा है। यह बात आंकड़े बयां कर रहे हैं। मंदसौर के बड़े अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार बीते दो माह से डॉग बाइट के 400 मामले आ चुके हैं। जबकि, इसके पहले संख्या 250 से 300 के बीच थी। पिछले साल इसी समय डॉग बाइट के आंकड़े भी यही थे। लेकिन, इस बार मामलों में करीब दोगुना बढ़ोतरी देखी गई है।**

बता दे कि 16 माह के भीतर कुत्तों के हमले से 04 वर्षीय मासूम व 12 वर्षीय बच्ची की मौत हो चुकी है। इसके अलावा शनिवार को एक ही दिन में मंदसौर के अलग-अलग क्षेत्रों में कुत्तों ने 07 से ज्यादा लोगों पर हमले किए। इसमें 5 साल के बच्चे से लेकर अधेड़ उम्र के लोग तक शामिल रहे। ये आंकड़ा सिर्फ 12 घंटे के दौरान बड़े अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में पहुंचे घायलों का है।

शहर में दिनोंदिन स्ट्रीट डॉग की संख्या बढ़ने के साथ आम लोगों के लिए समस्या भी बढ़ती जा रही है। माना जाता है कि शहर में पांच हजार से अधिक स्ट्रीट डॉग है, जिन्होंने आमलोगों का सड़कपर चलना भी दुभर कर दिया है। बारिश के दिनों में सड़क से गुजरने वाली बाइक व अन्य वाहनों पर लपक रहे है। शहर ही नहीं जिले के तहसील मुख्यालय हो या गांव आवारा श्वान आमजन के लिए डर का कारण बनते जा रहे हैं। श्वानों के हमले बढ़ते जा रहे है। आदमखोर हो चुके श्वान अब जानलेवा बन गए है। छोटे बच्चों पर श्वान जानलेवा हमला कर रहे हैं। 16 माह में जिले में श्वानों ने दो मासूम बचो की जान ले ली। अकेले बड़े अस्पताल में दो माह में चार सौ लोग पहुंचे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार गंभीर नहीं हो रहे है।

### बारिश में इसलिए बढ़ जाता है कुत्तों का आतंक...

विशेषज्ञों के अनुसार बारिश के मौसम में कुत्तों का आतंक बढ़ जाता है। ऐसा इसलिए होता है कि सड़क पर रहने वाले कुत्तों को भी ठिकाने की कमी पड़ने लगती है। बारिश में उनके सूखे ठिकाने गीले हो जाते हैं। खाने की तलाश बढ़ जाती है और तेज आवाजें जैसे बिजली या बारिश की गड़गड़ाहट उन्हें डरा देती हैं। यही कारण है कि अक्सर देखा गया है कि मानसून में कुत्तों के काटने की घटनाएं बढ़ जाती हैं।

### शहर में है 05 हजार से अधिक श्वान...

अकेले मंदसौर शहर में 05 हजार से अधिक श्वान सड़कं पर विचरण कर रहे हैं। जिले में संख्या 10 हजार से अधिक हैं। बारिश के दिनों में श्वानों के हमले बढ़ जाते हैं। जिलेभर में हर माह 1 हजार से अधिक लोग श्वानों के हमले के शिकार हो रहे हैं। इनमें बचे और बुजुर्गों की संख्या अधिक हैं। लंबे समय से इन्हें पकडने का अभियान नपा चला रहा है। हर बार नपा की कारवाई में डॉग लवर बाधा बनते है। नसंबदी अभियान भी पूरा नहीं हो पाया है। बढ़ती समस्या के बीच नपा इस मसले पर असहाय नजर आ रही है।

### कुत्तों के हमले के कुछ मामले...

✻ 26 अप्रेल 2024 की रात में शहर के नृसिंहपुरा क्षेत्र में श्वानों के झुंड ने एक मजदूर युवक पर हमला किया था। श्वानों से बचते हुए 28 वर्षीय युवक अमरसिंह पुत्र चतरसिंह चौहान निवासी सत्यनारायण कालोनी सडक़ पर गिर गया था। बचाने के लिए शोर मचाया तब लोग पहुंचे और श्वानों को भगाकर युवक को बचाया। ✻ 13 मई 2024 को मदारपुरा, शनि विहार एवं खानपुरा क्षेत्र में श्वानों के हमले से छह लोग घायल हो गए थे। घायलों में एक महिला भी शामिल थी। घायलों में पुलिसकर्मी भी शामिल थे। श्वानों के हमले में घायल हुए बुजुर्ग बाबूसिंह ने कहा था की श्वान के हमले से जमीन पर गिर गया फिर होश ही नहीं रहा। ✻ 08 अगस्त 2024 को शहर में श्वानों ने संजीत रोड मयूर कॉलोनी में एक साथ छह लोगों पर हमला कर घायल कर दिया। इनमें तीन साल की मासूम बालिका भी शामिल थी। बालिका को हाथ में टांके लगाना पड़े। ✻ जनवरी 2025 में संजीत नाका क्षेत्र में श्वानों ने एक साथ चार-पांच लोगों को काट लिया था। सभी लोग उपचार के लिए बड़े अस्पताल पहुंचे थे। क्षेत्र के लोग श्वानों को पकडने की मांग करते रहे हैं। ✻ 13 मई 2025 को शहर के वार्ड 23 बंडीजी के बाग चौबदार गड्डा के समीप दो बच्चों को श्वानो ने घेर लिया था। इस दौरान एक बालिका सड़क पर गिर गई थी। आसपास मौजूद लोगों ने श्वानों को भगाया। ✻ 04 जून 2025 को सुवासरा में चार वर्षीय बालक आयुष पिता दशरथदास बैरागी घर के बाहर खेल रहा था। तभी श्वानों के झुंड ने हमला कर दिया। जिससे बालक की मौत हो गई। ✻ 19 जुलाई 2025 को भागवत नगर में स्कूली छात्र पर श्वानों ने हमला कर दिया। इससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। लोगों ने छात्र को श्वानों से उसे बचाया।



## वाहन चोर गिरोह के तीन बदमाश गिरफ्तार, चोरी की 15 बाईक जप्त

**शामगढ़, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के तीन बदमाशो को गिरफ्तार किया है। आरोपियो के कब्जे से चोरी की 15 मोटर साईकिले बरामद की गई है। यह बदमाश एमपी के साथ ही राजस्थान से भी मोटर साईकिले उठाते थे। शामगढ़ क्षेत्र में लंबे समय से बाइक चोर गिरोह सक्रिय है। मामले में पुलिस को इस बार सफलता मिली है। पुलिस ने प्रेस से चर्चा करते हुए बताया कि शामगढ़ में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने टीम गठित की। करीब डेढ़ सौ से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। जिसके जरिए पुलिस एलकारसिंह पिता नेपालसिंह निवासी रलायती जिला झालावाड़, राहुलसिंह पिता गुमानसिंह निवासी कोलवी जिला झालावाड़ ओर राहुलसिंह पिता तूफानसिंह निवासी कोलवी जिला झालावाड़ तक पहुंची। तीनो को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल किया। पूछताछ में पता चला कि आरोपियों द्वारा मप्र और राजस्थान के अलग अलग क्षेत्रों शामगढ, गरोठ, भैसोदामंडी, भानपुरा, सुवासरा, चौमहला, भवानीमंडी, डग, आलोट जिला रतलाम में वाहन चोरी की वारदातो को अंजाम दिया था। आरोपियों से चोरी की 15 बाइक जब्त की गई। पुलिस ने बताया कि बाइक खरीदने और बेचने में सहायता करने वाले अन्य कंजर आरोपियों की तलाश भी की जा रही है।

## बीजेपी नेता की हत्या की गुत्थी नहीं सुलझी, पुलिस कप्तान स्वयं कर रहे पड़ताल

### पुलिस की सात टीमें भी नहीं हो पा रही सफल, मामला प्रेम प्रसंग का या तस्करी से जुड़ा?

राजू सोनी

**नाहरगढ़, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हिंगोरिया बड़ा में विगत दिनों श्यामलाल धाकड़ पिता दौलत राम धाकड़ उम्र 45 वर्ष की उनके निज निवास की ऊपरी मंजिल पर कमरे में चारपाई पर खून से सनी लाश मिली थी। उनके शरीर पर धारदार हथियार से पांच वार किये गये थे। पुलिस लगातार हत्या की गुत्थी को सुलझाने का प्रयास कर रही है। किंतु अभी तक कोई सफलता हाथ नहीं लगी। पुलिस लगातार परिजनों एवं अन्य लोगों के संपर्क में हैं। उन लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रही, जिन्होंने हत्याकांड को अंजाम दिया। किन्तु, पुलिस के पास ऐसा कोई अहम सुराग नहीं लगा। जिससे पुलिस हत्याकांड की उलझी गुत्थी को सुलझा सके। पुलिस दिन रात एक कर रही है। उम्मीद है कि जल्द हत्यारों तक पहुंच जाएगी।

### पुलिस कप्तान ने झोंक दी पूरी ताकत...

इस हत्या कांड को सुलझाने के लिये पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद स्वयं मोर्चा संभाले हुवे हैं। प्रतिदिन शाम ढलते ही नाहरगढ़ थाने में कप्तान की आमद हो जाती है, फिर देर रात तक इस हत्याकांड की पॉइंट टू पॉइंट कड़ी जोड़ने लिए जमकर मेहनत कर रहे है। हत्याकांड का खुलासा करने लिए प्रतिबद्ध दिख रहे है और जल्द सफलता मिलने उम्मीद हैं?

### टीआई की जगह आम आदमी की कॉल डिटेल आती तो पुलिस अबतक बंदर बना देती...

ग्रामीण क्षेत्र में हत्याकांड की चोतरफा चौपाल एवं जनता के मुंह से अलग-अलग चर्चाएं चल रही है। पर अहम चर्चा नाहरगढ़ टीआई प्रभात गौड़ को लेकर हो रही है। उनकी आमजन के बीच जमकर आलोचना हो रही है। यहां तक कहा जा रहा है कि यदि उनकी जगह कॉल डिटेल, सीडीआर में किसी आमजन का नंबर आता तो पुलिस उसको चलने लायक नहीं छोड़ती? ग्रामीणो की भाषा में उसे बंदर बना देती। क्या एक टीआई जैसे प्रतिष्ठित पद पर बैठकर इस तरह का कृत्य करना उनको शोभा देता है.? ग्रामीण क्षेत्र की जनता, महिला सुरक्षा जिनके कंधे पर हो, वही यदि इस तरह बदनामी का काम करे तो थाना क्षेत्र का क्या हो? हालांकि, श्री गौड़ को हत्याकांड जांच से किनारे किया गया है और जिम्मेदारी पुलिस कप्तान ने अपने विश्वनीय अधिकारियों दी है। आगे इस पूरे हत्या कांड लेकर क्या मोड आता हैं, यह जानने के लिए आमजनता बेसब्री इंतजार कर रही है। क्योंकि पूरे जिले की निगाहे इसी कांड लगी हुई हैं।

### मृतक के घर से कुछ ही दूरी पर डूब क्षेत्र, हत्यारे उधर से तो नहीं आए थे..?

हत्या कांड मामले को तस्करी से भी जोड़ा जा रहा है? गांव हिंगोरिया बड़ा के नजदीक गांधी सागर डूब क्षेत्र हैं। तस्करी के लिए नाव या स्टीमर का उपयोग हमेशा होता आया है? किंतु यदि श्यामलाल धाकड़ की हत्या तस्करी से जोड़कर देख रहे है तो यह भी हो सकता है कि मृतक के घर के पीछे कुछ दूर ही गांधी सागर डूब क्षेत्र हैं। यह भी हो सकता है कि हत्यारे किसी, नाव या अन्य साधन का उपयोग कर गांव किनारे पर उतरे हो और वहां से पैदल चलकर घटनास्थल तक पहुंचकर वारदात को अंजाम देकर पुन: उसी रास्ते तो नहीं चले गए, इस बिंदु पर भी जांच हुई ही होगी?






## एकसौ किमी से ज्यादा चलाई साइकिल

### निरीक्षक राठौर ने दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मध्यप्रदेश पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत मंदसौर पुलिस लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रही है। इसी कड़ी में शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्रसिंह राठौर ने नवाचार करते हुए 103 किलोमीटर लंबी साइकिल यात्रा की। उन्होंने मंदसौर से रतलाम के बिलपांक थाने तक यात्रा कर लोगों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने का संदेश दिया। टीआई श्री राठौर ने बताया कि यह यात्रा 15 जुलाई से शुरू हुए राज्य स्तरीय अभियान के प्रचार-प्रसार का हिस्सा है, जो 30 जुलाई तक चलेगा। सोमवार सुबह 04 बजे मंदसौर से साइकिल पर निकले टीआई 06 घंटे की यात्रा कर दोपहर में रतलाम जिले के बिलपांक थाने पहुंचे। उन्होंने रास्ते में मिलने वाले लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया।



**नशे के खिलाफ लगातार जागरूकता कार्यक्रम**- मंदसौर पुलिस अब तक कई जागरूकता कार्यक्रम कर चुकी है- स्कूलों में सेमिनार, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर अभियान और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों तक संदेश पहुंचाया जा रहा है कि नशा केवल स्वास्थ्य ही नहीं, समाज और परिवार के लिए भी नुकसानदायक है।

## उर्वरक-कीटनाशक भंडारण एवं विक्रय करने वाले किसान के विरुद्ध एफआईआर दर्ज

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कृषि विभाग द्वारा अवैध उर्वरक एवं कीटनाशक विक्रय के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड सीतामऊ ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पतलासी कला (तहसील सीतामऊ) निवासी पुष्कर कुमावत के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई अनियमितताएं पाई गई। निरीक्षण के दौरान पुष्कर कुमावत के पास से बिना लाइसेंस के उर्वरकों और कीटनाशकों का भंडारण एवं विक्रय करते हुए पाया गया, जो कि उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश 1985 की धारा 7 और कीटनाशक अधिनियम 1968 की धारा 29 का स्पष्टउल्लंघन है। इसके आधार पर उनके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 (7) के तहत मामला दर्ज कर एफआईआर दर्ज की गई है। कृषि विभाग ने स्पष्टकिया है कि किसान हित और कृषि उत्पादकता की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए बिना लाइसेंस के कृषि रसायनों का भंडारण और विक्रय करना गैरकानूनी है और इसके विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

# तिथी के अनुसार आज मनाई जायेगी स्वतंत्रता की वर्षगांठ

## देश की कुंडली से दोषों को दूर करने के लिए होगा पशुपतिनाथ का दुर्वाभिषेक



फाईल फोटो

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** आज 23 जुलाई बुधवार को भारतीय पंचांग की तिथी अनुसार स्वतंत्रता दिवस मनाया जाएगा। पशुपतिनाथ भगवान का दुर्वा अभिषेक कर देश के वैभव और समृद्धि के साथ अच्छे दिनों के आगमन की कामना की जाएगी। हिन्दू पंचांग से आजादी की वर्षगांठ मनाने की यह परंपरा करीब दो दशकों से चली आ रही है, जो अभा कर्मकांड एवं ज्योतिष परिषद ने आरंभ की थी।

15 अगस्त 1947 को देश को ब्रिटिश हुकूमत से आजादी मिली थी। भारतीय पंचांग के अनुसार उस दिन श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी थी। भारतीय संस्कृति के पैरोकार इसी तिथि को स्वतंत्रता दिवस मनाने की वकालात करते हैं। मंदसौर में ऐसा होता भी है। यहां करीब दो दशकों से श्रावण माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को आजादी का जश्न आध्यात्मिक तरीके से मनाया जाता है। इस दिन विशेष रूप से पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में सामूहिक रूप से दुर्वा अभिषेक किया जाता है। इस परंपरा को शुरू करने वाली संस्था अभा कर्मकांड एवं ज्योतिष परिषद के अध्यक्ष पं. उमेश जोशी ने बताया कि स्वतंत्र भारत की कुंडली में कालसर्प योग बनता है। इसके अलावा भी कुछ और दुर्योग हैं। इसके परिणाम स्वरूप हर क्षेत्र में सक्षम होते हुए भी भारत आज भी विकासशील बना हुआ है। यहां उपलब्ध संसाधनों के बूते देश को कभी का विकसित राष्ट्रों की कतार में खड़ा हो जाना चाहिए था। कुंडली के दुर्योगों को दूर करने के लिए ही सामूहिक रूप से दुर्वा अभिषेक किया जाता है। सामूहिक अभिषेक और प्रार्थना से राष्ट्र जरूर अपने वैभव को प्राप्त करेगा।

**इनका कहना**- भारतीय पंचांग की तिथि से स्वतंत्रता दिवस मनाने की भावना मूल रूप से अपनी संस्कृति और राष्ट्र प्रेम से उपजा विचार है। हम सालों से इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक अंजाम दे रहे हैं। आजाद भारत की कुंडली से कालसर्प व अन्य दोषों को दूर करने का यह सबसे बड़ा उपाय है कि इस दिन हर जगह सामूहिक तौर पर दुर्वा से शिव का अभिषेक किया जाए।

**पं. उमेश जोशी**
**अध्यक्ष, अभा कर्मकांड एवं ज्योतिष परिषद मंदसौर**

## एट लेन टोल प्लाजा कर्मचारियों को दी गई ट्रेनिंग

### 32 लोगों ने दुर्घटना प्रबंधन और बेहतर व्यवहार के बारे में सीखा

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** हिंदुस्तान लेटेक्स लाइफ केयर ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के सहयोग से गरोठ में ट्रेनिंग प्रोग्राम किया। ये ट्रेनिंग दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे के गरोठ पैकेज- 18 के टोल प्लाजा कर्मचारियों के लिए था। सोमवार शाम आयोजित एक दिवसीय प्रशिक्षण में 32 कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी। कार्यक्रम में कर्मचारियों को कुशल व्यवहार और दुर्घटना रोकथाम के उपायों सहित 12 अलग-अलग पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया गया।

**कर्मचारियों को सर्टिफिकेट दिए गए...**

प्रशिक्षक डॉ. शाहजेब खान और अतिम पाशा ने कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। इंद्र भूषण श्रीवास्तव और भीम कुमार ने कार्यक्रम का पर्यवेक्षण किया।जीआर इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के असिस्टेंट मैनेजर धर्मेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर मुरारी लाल शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए।कार्यक्रम के दौरान पंकज मिश्रा, भानु प्रताप यादव, इरफान, दुर्गेश कुमार माली, कृष्ण गोपाल जोशी, भूपेंद्र सिंह और डॉ. जितेंद्र व्यास सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

# नपा अध्यक्ष ने सह दस्तक अभियान का शुभारंभ किया

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। मंदसौर में बच्चों के स्वास्थ्य सुधार और कुपोषण उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 'स्टॉप डायरिया सह दस्तक अभियान' का भव्य शुभारंभ हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने जिला चिकित्सालय से 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को विटामिन ए घोल पिलाकर इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया।**

शुभारंभ के अवसर पर श्रीमती रमा देवी गुर्जर ने अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके तहत 5 वर्ष से कम उम्र के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। किसी भी बीमारी का पता चलने पर सरकार द्वारा उनका नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विशेष रूप से गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों के लिए प्रदान की जा रही सुविधाओं पर जोर दिया, जिसके तहत ऐसे बच्चों को 14 दिनों के लिए अस्पताल (एनआरसी) में भर्ती कर नि:शुल्क दवाएं और भोजन प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्हें 108 एंबुलेंस के माध्यम से लाने-ले जाने की सुविधा भी मिलेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य



अधिकारी डॉ. गोविंद सिंह चौहान ने बताया कि यह दस्तक अभियान 16 सितंबर तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। अभियान में 1 लाख 51 हजार 570 बच्चों की जांच करना है। इस अभियान में बच्चों में गंभीर कुपोषण, एनीमिया, निमोनिया, निर्जलीकरण और अन्य संक्रमणों की पहचान कर उनका तुरंत उपचार और रेफरल सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बच्चों को विटामिन ए घोल पिलाया जाएगा और ओआरएस पैकेट व जिंक टैबलेट का वितरण भी किया जाएगा। शिशु रोग विशेषज्ञ एवं सिविल सर्जन डॉ. बी.एल. रावत ने महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सलाह देते हुए बताया कि 6 माह तक के बच्चों को केवल माँ का दूध पिलाना चाहिए और 6 माह के बाद ऊपरी आहार शुरू कर देना चाहिए। उन्होंने बच्चों के पूर्ण टीकाकरण और निमोनिया होने पर तत्काल अस्पताल में उपचार कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉ. रावत ने सभी कुपोषित बच्चों से जिला चिकित्सालय सहित जिले में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्रों में भर्ती होकर उपचार प्राप्त करने की अपील की।

# समस्याओं को लेकर डॉ. तोमर ने कलेक्टर व सीएमओ को लिखा पत्र

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नगर में चारों ओर यातायात व्यवस्था पूर्णत: ध्वस्त हो चुकी है । नगर के प्रत्येक चौराहों पर भारी अव्यवस्थाएं है कहीं कोई ट्रैफिक व्यवस्था नहीं है । यातायात अमला कहीं नजर नहीं आता श्रावण मास एवं त्योहारों के चलते बाजार में नागरिकों का आगमन बड़ी संख्या में हो रहा है लेकिन ध्वस्त यातायात व्यवस्था के कारण बड़ी असुविधाएं हो रही है। शहर में श्वान एवं गायों ने अलग आतंक मचा रखा है आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है पर जिम्मेदार नगर पालिका परिषद कोई ठोस कार्यवाही नहीं कर पा रही है। वहीं दूसरी ओर नगर के प्रमुख जल स्त्रोत एवं पर्यटन स्थल तेलिया तालाब पर बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाओं के साथ साथ बड़ी संख्या में बाजार से शैलानी आ रहे है लेकिन यहां पर भी नियमित साफ सफाई को कोई व्यवस्था नहीं है तथा वॉकिंग पाथ की दोनों ओर कंटीली झाड़ियां होने से घूमने वालों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है । इन सभी समस्याओं के शीघ्र निराकरण को लेकर मंदसौर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर ने मंदसौर कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ नगर पालिका को पत्र लिखकर मांग की है कि नगर के हित में अतिशीघ्र कार्यवाही की जाए ताकि नागरिकों को अव्यवस्थाओं एवं परेशानियों से छुटकारा मिल सके।



डॉ तोमर ने बताया कि नगर पालिका परिषद मन्दसौर के जिम्मेदार लोग अव्यवस्थाओं पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो चुके है तथा यातायात विभाग तो नाम मात्र का रह गया है । सिर्फ किसानों, ग्रामीणों के चालन बनाना एवं वसूलीय करना मात्र इनका कार्य हो गया है नगर की व्यवस्थाओं के सुधार के लिए कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है । जिस कारण नगर में चारों ओर अराजकता जैसा वातावरण देखने को मिलता है। पूरे नगर की यातायात व्यवस्था चौपट है । डॉ तोमर ने कहा कि नगर के सौंदर्यीकरण को लेकर नगर पालिका गंभीर नजर नहीं आती अतिक्रमण के नाम पर मुंह देखकर तिलक निकालने जैसा कार्य किया जा रहा है । नगर के किसी बड़े प्रतिष्ठान के पास वर्तमान में कोई पार्किंग सुविधाएं नहीं है और तो और नगर पालिका के पास खुद के पास पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है । डॉ तोमर ने प्रशासन को चेताया है कि समय रहते कार्यवाही नहीं की गई तो शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा आंदोलनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

# सरस्वती शिशु मंदिर में विद्यारंभ संस्कार सम्पन्न



**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर, केशव नगर मंदसौर में विद्यारंभ संस्कार का आयोजन हुआ। मनुष्य जीवन में कुल सोलह संस्कार होते हैं ,जिसमें ज्ञानार्जन हेतु विद्या के आरंभ में नौवां संस्कार विद्यारंभ संस्कार होता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुष्पा भंडारी दीदी ( कथा वाचक मंदसौर)विशेष अतिथि श्रीमती अर्चना अरवेन्देकर (पूर्व आचार्या )विशिष्टअतिथि श्रीमती आरती निसालकर (पूर्वआचार्या) कार्यक्रम अध्यक्षता श्रीमती हेमलता कुमावत (अभिभावक माता) की रही।

कार्यक्रम का प्रारंभ में नगर के बस स्टेंड पर स्थित श्री बड़े बालाजी मंदिर में वेदों का मंत्रोचार के साथ पूजन किया गया।शोभा यात्रा नगर के बस स्टेण्ड बालाजी , भारत माता चैराहा से मुख्य मार्ग होते हुए विद्यालय प्रांगण में पहुँची, जहाँ मुख्य द्वार पर स्वागत- अभिनन्दन श्री गोविन्द जी वैश्यमपयन (वरिष्ठ समिति सदस्य), श्री दिलीप जी डाबी ( उपाध्यक्ष प्रो. राजेंद्रसिंह शिक्षण समिति ), डॉ. प्रमोद जी सेठिया (समिति सदस्य), श्री श्याम जी देशमुख (सेवानिवृत्त शिक्षक) विद्यालय के प्राचार्य-प्रधानाचार्य व शिशु वाटिका की दीदी द्वारा भैया- बहिनों का स्वागत अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि ने विद्यारम्भ संस्कार के महत्व को बताते हुए कहा कि हमारे बच्चों को हमारी सनातनी संस्कृति के बारे बताना बहुत आवश्यक है, जो उनके जीवन में प्रारम्भ से ही संस्कार देते है। शिशु मंदिर की पहचान है कि यहाँ भैया-बहिनों का सर्वांगींण विकास होता है, घर में प्रथम गुरु बालक- बालिका की माँ होती है, आज हमारे बालक ध्रुव, प्रह्लाद, राम, कृष्ण जैसे आदर्श तो बन सकते है, लेकिन उनको आदर्श बनाने वाली कौशल्या, यशोदा जैसी माँ भी होना आवश्यक है। बालक को संस्कार देने में तीन तिहाई भूमिका माता की एवं एक तिहाई भूमिका पिता की होती है। इसके पश्चात वेदपाठी आचार्य श्री दिलीप जी दुबे द्वारा मंत्रोचार के साथ पूजन कर यज्ञ प्रारंभ किया। नव प्रवेशित भैया-बहिनों की प्रथम गुरु माँ ने बालक से प्रथमाक्षर ॐ व श्री की रचना की यज्ञ में श्री मिलीन जी व्यास (सचिव प्रो. राजेन्द्रसिंह शिक्षण समिति) श्री नितेश जी भदादा ( कोषाध्यक्ष प्रो. राजेन्द्रसिंह शिक्षण समिति ) श्री राजपाल सिंह सिसौदिया (प्रधानाचार्य अभिनदंन नगर, मंदसौर) व केशव नगर, अभिनन्दन नगर के आचार्य परिवार उपस्थित रहे।शिशु वाटिका की बहिनों द्वारा सरस्वती वंदना नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की गई। अतिथि परिचय विद्यालय की प्रधानाचार्या दीदी श्रीमती पिंकी गुर्जर एवं स्वागत शिशु वाटिका की श्रीमती रविना राठौर, सुश्री मंजु दांगी व संचालन श्रीमती पूजा शर्मा दीदी ने किया। आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



## कार्यकर्ताओं एवं आगंतुक जनता जनार्दन के पंजीयन हेतु डिजिटल कियोस्क-दीक्षित

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मंदसौर पर जिले के विभिन्न मंडलों से आने वाले कार्यकर्ताओं एंव आगंतुक जनता जनार्दन के लिये जिला भाजपा कार्यालय स्थित जिलाध्यक्ष कक्ष में पंजीयन हेतु डिजिटल कियोस्क स्थापित किया गया है। जिसका विधिवत शुभारंभ पूजा अर्चना कर भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने किया। इस डिजिटल कियोस्क के माध्यम से जिला भाजपा कार्यालय पर आने वाले कार्यकर्ता एंव आगंतुक अपना पंजीयन डिजिटल रूप से नाम मोबाईल नम्बर पता एंव आने का उद्देश्य की इन्ट्री कर भाजपा जिलाध्यक्ष जी से संपर्क कर सकते है। डिजिटल कियोस्क माध्यम से भाजपा जिलाध्यक्ष जी के जिले के विभिन्न मंडलों में प्रवास के दौरान जिला भाजपा कार्यालय पर आने वाले कार्यकर्ताओं एंव आगंतुकों की जानकारी से भाजपा जिलाध्यक्ष एंव जिला कार्यालय अपडेट रहेगा। डिजिटल कियोस्क के शुभारंभ के अवसर पर सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल कियावत, मुकेश काला, जिला पदाधिकारीगण शिवराज सिंह राणा, संजय मुरडिया, राजेश नामदेव, राजेश पालीवाल, राजु चावला, पारस मावर, नपा.अध्यक्ष रमादेवी गुर्जर, विजय सुराना, अंकित सोनी, निलेश जैन, भाजपा मंडल अध्यक्षगण विकास सुराणा, नेपाल सिंह सिसोदिया, भाजपा नेता बंशीलाल पाटीदार,हेमंत धनोतिया, राजेश पाटीदार बूढ़ा, बंशीलाल धनगर आदि उपस्थित थे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी निलेश जैन ने दी।

## मंदसौर के विबोध स्कूल को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की मानक संस्था इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर स्टेण्डरडॉइजेशन द्वारा मंदसौर के अभिनंदन नगर स्थित विबोध प्रीस्कूल को मान्यता प्रदान करते हुए प्रमाण पत्र दिया है। इसके साथ इंटरनेशनल एक्रीडिटेशन फ़ोरम द्वारा स्वीकार किया गया है। इसके अंतर्गत स्कूली छात्र छात्राओं को बेहतर ढंग से समझने के साथ शिक्षण ओर सीखने की ललक संतुष्टिकी प्रक्रियाओं को अनुकूल बनाना शामिल है । स्कूल के छात्रों अभिभावकों टीचिंग व अन्य स्टॉफ सहित अन्य हितधारकों में परस्पर विश्वास बने और श्रेष्ठ परिणाम में परिवर्तित हो। यह मंदसौर का पहला प्रीस्कूल है जिसे आई एस ओ सर्टिफिकेट मिला है। विबोध प्रीस्कूल फाउंडर प्रिंसिपल डॉ श्रुति बटवाल ने आई एस ओ प्रमाणन उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की ओर विशिष्ट मानक को स्कूल के छात्रों , अभिभावकों , टीचिंग व स्कूली स्टॉफ को समर्पित किया है।

# घूसखोरी का आरोपी सीबीएन इंस्पेक्टर महेन्द्रसिंह रिमांड में उगल रहा राज

**अब तक 50 करोड़ से अधिक बेनामी संपत्ति हुई उजागर, दलालों पर भी है सीबीआई की नजर, वसूली में खाकी से साथ शामिल हितेश भी जांच एजेंसी की रडार पर**

**नीमच, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो के इंस्पेक्टर महेन्द्रसिंह चौधरी को सीबीआई ने घूसखोरी के आरोप में गिरफ्तार किया है। पिछले 04 दिनों से महेन्द्रसिंह रिमांड पर है। सीबीआई पूछताछ में महेन्द्रसिंह की 50 करोड़ से अधिक बेनामी संपत्ति उजागर हुई है, साथ ही अब दलालो पर सीबीआई नजरे जमाए हुए है।

बता दे कि बीते दिनों एक करोड से अधिक रूपये रिश्वत लेने के मामले में सीबीएन के इंस्पेक्टर महेन्द्रसिंह चौधरी को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है और लगातार पूछताछ में महेन्द्रसिंह की अवैध संपत्ति के राज उजागर हो रहे है। इसी बीच कुछ दलालो के कनेक्शन भी सामने आये है। गौरतलब है कि सीबीएन इंस्पेक्टर महेन्द्रसिंह चौधरी द्वारा पिछले कई सालो से गरीब किसानो को झुठे मुकदमो में फंसाने और तोड़बट्टा के नाम पर करोड़ो रूपयो की रिश्वत लेने की चर्चा आम है। जिसकी शिकायत मिलने पर सीबीआई ने महेन्द्रसिंह की अवैध गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए उस पर शिकंजा कसा है। न्यायालय से रिमांड मिलने पर सीबीआई महेन्द्रसिंह से कड़ी पूछताछ कर रही है। पूछताछ में अब तक महेन्द्रसिंह ने कितनी रिश्वत ली और कितनी अवैध संपत्ती जुटाई, यह मामला भी उजागर हो रहा है। बता दे कि महेन्द्रसिंह चौधरी सीबीएन में इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थ रहकर अपने कई दलालो के माध्यम से अवैध गतिविधियों में लिप्त रहा है। डोडाचूरा, अफीम के मामलो में तस्करो से सांठगांठ और गरीब किसानो पर झुठे मामले दर्ज करने की बात भी सामने आई है। सूत्रों की माने तो सीबीआई ने इंस्पेक्टर महेन्द्रसिंह को गिरफ्तार करने के बाद कई दलालो की सूची भी तैयार की है। जिसमें पिपलिया मंडी के हितेश सहित अन्य लोगो के नाम उजागर होने की संभावनाए है। चर्चा आम है कि हितेश भी आरोपी महेन्द्रसिंह के संपर्क में रहकर अवैध गतिविधियों में लिप्त था।

## मैनपुरिया में नि: शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र के डॉ. जी.एस. चुण्डावत द्वारा बताया गया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, मन्दसौर एवं जिला आयुष विभाग, मन्दसौर के संयुक्त तत्वाधान में मानव स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम पंचायत भवन, मेनपुरिया में किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत उपचार कर आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। जिसमें आयुष विभाग के चिकित्सकों द्वारा नि: शुल्क बीपी शुगर इत्यादि की जांच कर रोगों के निदान हेतु औषधियां प्रदान की गयी। शिविर में कृषि विज्ञान केन्द्र, मन्दसौर से डॉ. एस.पी. त्रिपाठी, डॉ. निशिथ गुप्ता, डॉ. राजेश गुप्ता एवं श्री राकेश अस्के तथा आयुष विभाग, जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. कमलेश धनोतिया के दिशा निर्देश के तहत डॉ. अजय परमार, डॉ. दिव्या रानी परमार, डॉ. श्वेता रामावत डॉ. तरूण पॅवार, श्रीमती प्रगति बामनिया, श्रीमती मंजु पिघोलिया, श्री जयपाल सुनार्थी एवं श्री दर्शन सुनवानिया ने शिविर में सेवायें प्रदान की। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती चम्पा ओंकारलाल माली, श्री दुर्गाशंकर धनगर आदी का शिविर में सराहनीय सहयोग रहा। शिविर में केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.पी. त्रिपाठी द्वारा नोडल अधिकारी के रूप में कार्य किया गया।

# सीए ब्रांच मंदसौर द्वारा आयोजित करियर काउंसलिंग एंपावरमेंट कार्यक्रम संपन्न

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की मंदसौर ब्रांच द्वारा सीए सदस्यों के लिए करियर काउंसलिंग एंपावरमेंट कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य मेंबर्स को करियर काउंसलिंग की दक्षता प्रदान करना, उसमें आवश्यक स्किल्स विकसित करना एवं काउंसलिंग के माध्यम से युवाओं को प्रभावी मार्गदर्शन देने हेतु उन्हें तैयार करना था। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब आईसीएआई की करियर काउंसिलिंग कमिटी के अध्यक्ष सीए दुर्गेश कुमार काबरा एवं उपाध्यक्ष सीए पंकज शाह कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित हुए। सीए प्रोफेशन की बहुआयामी उपयोगिता पर प्रकाश कमिटी अध्यक्ष सीए दुर्गेश कुमार काबरा ने कहा कि सीए एकमात्र ऐसा प्रोफेशन है जो व्यक्ति को हर क्षेत्र में कार्य करने के लिए सक्षम बनाता है। उन्होंने नेताओं, इंडस्ट्रियलिस्टस, इनवेस्टमेंट बैंकर्स, सीईओज़ आदि के उदाहरण देते हुए बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आज हर



क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने यह भी साझा किया कि करियर काउंसिलिंग कमिटी किस रूप में देशभर में कार्य कर रही है और भविष्य में किस रूपरेखा के तहत मेंबर्स को प्रशिक्षित कर छात्रों तक पहुँचना है। कमिटी उपाध्यक्ष सीए पंकज शाह ने कहा कि सीए प्रोफेशन अब केवल ऑडिट व टैक्सेशन तक सीमित नहीं है, इसमें इनवेस्टमेंट बैंकिंग, फंड मैनेजमेंट, रिस्क एनालिसिस सहित कई अंतरराष्ट्रीय अवसर मौजूद हैं। संचालन एवं आभार कार्यक्रम का संचालन सीए मयंक जैन ने किया तथा आभार प्रदर्शन सीए विनय अग्रवाल द्वारा किया गया। विशिष्ट अतिथियों का परिचय निम्नलिखित सीए सदस्यों द्वारा कराया गया। सीए दुर्गेश काबरा का परिचय सीए रोहन सोमानी द्वारा कराया गया। सीए पंकज शाह का परिचय सीए नितिन देवनानी ने प्रस्तुत किया। सीए परेश लालवानी का परिचय सीए जमीला लोखंडवाला द्वारा कराया गया। सीए सिद्धार्थ अग्रवाल का परिचय सीए शेनित धाकड द्वारा किया गया।

## एक हजार से अधिक पैदल यात्रियों का संघ 25 को करेगा पिपलिया से सांवरियाजी प्रस्थान

**पिपलियामंडी, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** मण्डफिया मित्र मंडल पिपलियामंडी का पैदल यात्रा संघ श्री सांवरियाजी सेठ के दर्शनाथ कृषि उपज मण्डी बालाजी पिपलियामंडी से प्रात: 7 बजे प्रस्थान करेगा। नगर का यह अनूठा आयोजन है जिसमें पैदल यात्रा लगातार 9 वर्षों से पिपलिया मंडी से मंडफिया धाम श्री सॉंवरिया सेठ जाती है। नगर में खुशहाली और भरपूर वर्षा की मनोकामना के साथ निकलने वाली इस यात्रा में 55 गांव से लगभग 1000 यात्री सम्मिलित होते है, इसमे यात्री को पांच समय का भोजन और रात्रि विश्राम की व्यवस्था एवं उचित समय पा अल्पाहार इत्यादि की व्यवस्था मंडल द्वारा की जाती है। यह पैदल यात्रा यात्रियों के साथ ढोल, डीजे, साउंड और सॉंवरिया सेठ के भव्य रथ के साथ 27 जुलाई को प्रात: मंडफिया धाम पहुंचेगी।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 53 | 2000 | 2291 |
| उडद | 0000 | 0000 | 0000 |
| सोयाबीन | 4655 | 3600 | 4341 |
| गैहु | 8185 | 2530 | 2910 |
| चना | 209 | 5601 | 6061 |
| मसुर | 93 | 6350 | 7428 |
| धनिया | 131 | 5000 | 7545 |
| लहसुन | 16000 | 2000 | 9050 |
| मैथी | 673 | 3598 | 6550 |
| मुंगफली | 2200 | 3500 | 5600 |
| अलसी | 1379 | 6551 | 7400 |
| सरसो | 596 | 6400 | 7130 |
| तारामीरा | 4 | 5101 | 5101 |
| इसबगोल | 54 | 8900 | 11200 |
| प्याज | 4470 | 230 | 1160 |
| कलोंजी | 16 | 14000 | 19900 |
| तुलसी बीज | 5 | 9852 | 13800 |
| डॉलर | 39 | 5001 | 8750 |
| तिल्ली | 268 | 5100 | 9101 |
| जौ | 5 | 2010 | 2315 |
| मटरसुखी | 2 | 3300 | 3300 |
| असालीया | 16 | 6371 | 6623 |
| मूंग | 1 | 6000 | 6000 |

# प्रशिक्षुवृत्तिका को बढ़ाने के लिए सीएसई के 30 प्रतिशत वृद्धि के प्रस्ताव को लेकर सांसद गुप्ता ने लोकसभा में किया प्रश्न

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कौशल विकास को रोजगारोन्मुखी बनाया जा सके, ड्रॉपआउट को कम किया जा सके और विभिन्न क्षेत्रों में अधिक अभ्यर्थियों को आकर्षित किया जा सके इस हेतु केंद्रीय प्रशिक्षुता परिषद (सीएसई) ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना और राष्ट्रीय अप्रेंटिशिप प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत प्रशिक्षुवृत्तिका में 30 प्रतिशत की वृद्धि के लिए सरकार को प्रस्ताव दिया है। उक्त बात सांसद गुप्ता ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कही।



सांसद गुप्ता ने कहा कि सरकार सूचना प्रोद्योगिकी, दूरसंचार, जैव प्रोद्योगिकी और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे लोकप्रिय क्षेत्रों को उक्त योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षुवृत्तिका के लिए चयनित क्षेत्रों की श्रेणी में शामिल करने का विचार रखती है। इसी के साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता में एक लाख छात्रों को प्रशिक्षण देने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। प्रश्न के जवाब में कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार जयन्त चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना और राष्ट्रीय शिक्षुता प्रशिक्षण योजना के तहत प्रशिक्षुओं के वजीफे में 36 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव दिया गया है । यह प्रस्ताव केंद्रीय शिक्षुता परिषद द्वारा दिया गया है, और इसका उद्देश्य स्कूल छोड़ने की दर को कम करना और विभिन्न क्षेत्रों में अधिक उम्मीदवारों को आकर्षित करना है। 30 प्रतिशत की वृद्धि से प्रशिक्षुओं को आर्थिक रूप से अधिक सहायता मिलेगी, जिससे वे अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकेंगे। यह वृद्धि प्रशिक्षुओं को कौशल विकास पर अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित करेगी, क्योंकि उन्हें अब अपने प्रशिक्षण के लिए कम आर्थिक संघर्ष करना पड़ेगा। अधिक वजीफा प्रशिक्षुओं को अधिक आत्मविश्वास के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने और रोजगार के लिए बेहतर ढंग से तैयार होने में मदद करेगा।

इसी के साथ ही उन्होने बताया कि स्किल इंडिया डिजिटल हब पर उपलब्ध एआई फॉर एंटरप्रेन्योरशिप नामक एक स्व-अधिगम माइक्रो-मॉड्यूल में दिसंबर 2024 में इसकी शुरुआत के बाद से 23,163 नामांकन हुए हैं, जिसमें से अब तक 11,089 प्रतिभागी प्रमाणित किए गए हैं। सिद्ध एक मोबाइल-फर्स्ट डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) है जो कौशल भारत और डिजिटल भारत पहल को एकीकृत करता है। पीएमकेवीवाई 4.0 के अंतर्गत, कुल 34,709 व्यक्तियों को एआई से संबंधित नौकरी भूमिकाओं जैसे कि बिजनेस इंटेलिजेंस एनालिस्ट, डेटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर और डेवऔप्स (क्मअव्चे) इंजीनियर को प्रशिक्षित किया गया है। एनएपीएस-2 के अंतर्गत, वित्त वर्ष 2023-24 और वित्त वर्ष 2025-26 (दिनांक 30 जून, 2025 तक) के बीच एआई से संबंधित आठ ट्रेडों में 1,480 शिक्षुओं को नियुक्त किया गया है। मूलभूत एआई प्रशिक्षण को और बेहतर बनाने के लिए, वर्ष 2024-25 सत्र से सभी 19 राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थानों (एनएसटीआई) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग असिस्टेंट नामक एक नई शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) ट्रेड शुरू की गई है, जिसकी वार्षिक प्रवेश क्षमता 504 छात्रों की है।

# प्रदेश में इस वर्ष स्कूल के बच्चों को 4.30 लाख साइकिल की जाएंगी वितरीत

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा विभाग इस वर्ष नि:शुल्क साइकिल प्रदाय योजना में 4 लाख 30 हजार बच्चों को नि:शुल्क साइकिल का वितरण करेगा। साइकिल वितरण की शुरूआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरू पूर्णिमा महोत्सव में भोपाल के शासकीय कमला नेहरू सांदीपनि विद्यालय के सर्व सुविधा युक्त भवन के लोकार्पण समारोह से की है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 50 बच्चों को नि:शुल्क साइकिलें वितरित की। प्रदेश में अब तक एक लाख से अधिक बच्चों को उनकी पात्रतानुसार नि:शुल्क साइकिल का वितरण किया जा चुका है।



नि:शुल्क साइकिल प्रदाय योजना में ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत विद्यार्थी जो कि शासकीय विद्यालयों में कक्षा 6 और 9 में अध्ययनरत हैं, वह जिस ग्राम का निवासी है उस ग्राम में शासकीय माध्यमिक या हाई स्कूल संचालित नहीं है और उसे अपने विद्यालय तक पहुचंने के लिये 2 किलोमीटर या इससे अधिक की दूरी तय करनी पड़ती है, उन बच्चों कक्षा 6 या 9 में प्रथम प्रवेश पर एक बार नि:शुल्क साइकिल दिये जाने का प्रावधान है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में स्थित कन्या छात्रावास में पढ़ने वाली छात्राएं, जिनकी शाला छात्रावास से 2 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी पर है उन्हें भी इस योजना में नि:शुल्क साइकिल प्रदाय की जा रही है।

**विभागीय अधिकारियों को निर्देश**–स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के पहले सभी पात्र विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिल वितरण के निर्देश दिये हैं। संचालनालय स्तर पर नि:शुल्क साइकिल वितरण की नियमित समीक्षा की जा रही है। कक्षा 6 में पढ़ने वाले बच्चों को 18 इंच और कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाले बच्चों को 20 इंच की साइकिल वितरित की जा रही है। विभागीय अधिकारियों को साइकिल वितरण के पहले उनके उचित भंडारण के संबंध में भी निर्देश दिये गये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस वर्ष विभागीय योजनाओं का लाभ विद्यार्थियों को उचित समय पर दिये जाने के संबंध में कार्ययोजना तैयार की है।

## दुग्ध डेयरियों का निरीक्षण कर नमूने लिए

**नीमच, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर श्रीमती लक्ष्मी गामड़ के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन नीमच की टीम ने दूध की जांच के लिए शहर में स्थित दूध डेरियों का निरीक्षण किया। खाद्य एव औषधि प्रशासन की टीम ने काकाजी दूध डेयरी किराना जनरल स्टोर स्टेशन रोड नीमच से मिश्रित दूध का नमूना एवं भावना दूध डेयरी सादड़ी रोड बघाना से मिश्रित दूध के नमूने लिए । नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी। उक्त कार्रवाई नीमच के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा की गई।जांच अभियान सतत जारी रहेगा।

# श्री किलेश्वर महादेव निकलेंगे प्रजा का हाल जानने

### युवा समाजसेवी अरूल अरोरा गंगानगर के नेतृत्व में 04 अगस्त को शहर के प्रमुख मार्ग से गुजरने वाली शाही सवारी की तैयारियां शुरू



**नीमच, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। नीमच के महांकाल के नाम से प्रसिद्ध श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी सावन मास के अंतिम सोमवार 04 अगस्त 2025 को धूमधाम से निकलेगी। नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव प्रजा का हाल जानने के लिए शहर भ्रमण पर निकलेंगे। युवा समाजसेवी अरूल अशोक अरोरा गंगानगर के नेतृत्व में शाही सवारी की दिव्यता और भव्यता को लेकर श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू कर दी है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सावन माह के अंतिम सोमवार को नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव की शाही सवारी में जन सैलाब उमडेगा। प्रचार-प्रसार से लेकर शाही सवारी में होने वाले व्यापक इंतजाम की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।**

सावन माह के दौरान श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर महादेव की भक्ति में डूबा हुआ है। दर्शन करने वालों की संख्या में इजाफा होने के साथ-साथ मंदिर में प्रतिदिन धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हो रहे है। 24 जुलाई गुरूवार को हरियाली अमावस्या के दिन भक्तों की भीड उमडेगी। 27 जुलाई रविवार को शहस्त्र धारा अभिषेक का आयोजन रखा गया गया है। वहीं आगामी सोवार को छप्पन भोग का आयोजन होगा। श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर आकर्षक विद्युत साज सज्जा की गई वहीं मंदिर परिसर में स्वर्गीय कश्मरीलाल अरोरा की स्मृति में नवनिर्मित बगीचे में रंग-बिरंगे फुव्वारें भक्तों का मन मोह रहे है। शाही सवारी के आयोजक युवा समाजसेवी अरूल अरोरा शाही सवारी को सफल बनाने के लिए जुटे हुए है। नीमच शहर को शाही सवारी का बेसब्री से इंतजार है, आगामी 04 अगस्त को पूरा शहर भोलेनाथ की भक्ति में डूबेगा। युवा समाजसेवी अरूल अरोरा ने शाही सवारी को लेकर अलग-अलग टीमों को जिम्मेदारी सौंपी है।

**ये रहेगा शाही सवारी में खास–** भगवान भोलेनाथ राजसी रथ में विराजित होंगे। झांस डमरू पार्टी, विशाल नंदी, राधाकृष्ण, बाहुबली हनुमान, अघोरी, नर मुंड के साथ भोलेनाथ, आदिवासी लोक नृत्य, विद्युत चलित झांकिया और भव्य आतिशबाजी शाही सवारी में आकर्षण का केंद्र बनेंगे। शाही सवारी का जगह-जगह स्वागत होगा।

**ये रहेगा शाही सवारी का रूट–** नीमच के राजा श्री किलेश्वर महादेव मंदिर की शाही सवारी श्री किलेश्वर महादेव परिसर से 04 अगस्त को शाम 4 बजे शुरू होगी, जो रेलवे स्टेशन, चौकन्ना बालाजी, अग्रसेन वाटिका, तिलक मार्ग होते हुए बारादरी फव्वारा चौक पहुंचेगी। यहां से कमल चौक, टैगोर मार्ग होते हुए सीआरपीएफ रोड से चलकर वापस श्री किलेश्वर महादेव मंदिर परिसर पर शाही सवारी का समापन होगा।

# गो माता की सुरक्षा व संरक्षण को लेकर विहिप ने सौंपा ज्ञापन, सड़क दुर्घटनाओं व तस्करी पर जताई चिंता

**पिपलियामंडी, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** पिपलिया मंडी गांधी चौराहे पर विश्व हिन्दू परिषद गो रक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नाम तहसीलदार ब्रजेश मालवीय को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदेश में गो माता की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए संरक्षण, सुरक्षा व उचित देखरेख की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में गो माता की रक्षा को लेकर कई प्रयास किए गए हैं। कत्लखानों से गो माता को बचाया गया और गोशालाओं का संचालन भी प्रारंभ हुआ, परंतु जमीनी हकीकत इससे कहीं अलग व चिंताजनक है।



**गौशाला में गौवंश रखने से किया इनकार, खेती में कीटनाशक बनी गोमाताओं की दुश्मन:–**विहिप ने बताया कि जिले की कई गोशालाएं खाली पड़ी हैं, बावजूद इसके बीमार व लावारिस गो माता को रखने से इनकार कर दिया जाता है। जिन गोशालाओं में गोवंश रखा गया है, वहां की व्यवस्था अत्यंत दयनीय है। कीचड व गंदगी में रहने से गो माता बीमार हो रही हैं और समय पर इलाज न मिलने के कारण उनकी मृत्यु हो रही है। इसके अलावा किसानों द्वारा कीटनाशक दवाओं का प्रयोग उंची फसल उत्पादन के लिए किया जाता है। लेकिन यह अनजाने में गो माता के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। खेतों की मेड या खेत में चारा खाने गई गो माताएं जहरीले प्रभाव से बीमार पड़ती हैं और कई बार उनकी मौत हो जाती है। कीटनाशक का भी उपयोग संयमित तरीके से किया जाए।

**सडकों पर भटकती गो माता, दुर्घटनाओं का शिकार, प्रशासन मौन:–** ज्ञापन में कहा गया कि सड़कों पर भटक रही गो माताएं तेज रफ्तार वाहनों की चपेट में आकर घायल व काल का ग्रास बन रही हैं। हाल ही में सुवासरा जनपद अध्यक्ष ने शराब के नशे में अपनी कार से दो गो माताओं को कुचल दिया, जिनमें से एक गर्भवती थी और मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। इसी प्रकार महू-नीमच राजमार्ग पर ट्रक से चार गो माताओं को कुचलने की घटना भी सामने आई। ऐसी दुर्घटनाएं अब आम हो गई हैं और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ है। मृत मृत गोमाताओं के अंतिम संस्कार की कोई व्यवस्था नहीं है। शव खुले में फेंक दिए जाते हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं।

**गांधीसागर गो अभ्यारण्य, सुरक्षा विहीन क्षेत्र बना गो हत्या का केंद्र:–** ज्ञापन में इस बात पर भी गंभीर आपत्ति जताई गई कि मंदसौर व नीमच जिलों से लावारिस गो माता को गांधीसागर गो अभ्यारण्य में छोड़ा जा रहा है, जहां उनकी सुरक्षा की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। वहां हिंसक जानवरों व गो तस्करों से उनका जीवन हमेशा खतरे में रहता है। ज्ञापन में कहा गया कि इस तरह गो माता को जंगल में छोड़ना, प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से उनकी हत्या का प्रयास ही है। गो माता हिन्दू समाज की आस्था का केंद्र हैं और उनकी सेवा व सुरक्षा न केवल धार्मिक दायित्व है, बल्कि सरकार व समाज की भी जिम्मेदारी है। यदि गो तस्करी व लावारिस गो माताओं की समस्या पर शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए तो गो भक्त आंदोलन

**विहिप ने ज्ञापन में प्रमुख रूप से उठाई ये मांगें:–**गोशालाओं को निर्देशित किया जाए कि वे गो माता को रखने से इनकार न करें और उनका समुचित इलाज सुनिश्चित करें। स्थानीय प्रशासन गोशालाओं का आकस्मिक निरीक्षण करे और लापरवाही पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। गांधीसागर गो अभ्यारण्य में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए बिना गो माता को वहां न छोड़ा जाए। महू-नीमच व दिल्ली-मुंबई मार्ग पर सक्रिय गो तस्करों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाए और उनके वाहनों को राजसात किया जाए। पिपलिया मंडी में घायल गो माता के इलाज के लिए स्थाई पशु चिकित्सक की नियुक्ति की जाए व परिवहन साधन की व्यवस्था हो। मल्हारगढ़ प्रखंड की सभी गोशालाओं को निर्देशित किया जाए कि बीमार व लावारिस गो माता को समय पर चिकित्सा सुविधा दी जाए। पिपलिया मंडी नगर में गोशाला के लिए भूमि आवंटित कर शीघ्र निर्माण किया जाए। नगर में घूम रहे बेसहारा गोवंश को गोशाला तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। मल्हारगढ़ प्रखंड की प्रत्येक पंचायत में गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर गोशाला का निर्माण कराया जाए।

**ज्ञापन सौंपने में प्रमुख रूप से मौजूद रहे:–**तहसीलदार को ज्ञापन देने के दौरान टीआई शिवांशु मालवीय, चौकी प्रभारी धर्मेश यादव, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रवीण सेन भी मौजूद रहे। ज्ञापन देने वालों में नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया, देवराज गुर्जर, नीलेश जैन, दिलीप गोयल, मनोहर मनवानी, सुनील फरक्या, विनोद माहेश्वरी, शुभम शर्मा, ईश्वर जादव, सुनील माली, सूरज, रमेश, आकाश, पंकज चौहान, प्रकाश शर्मा सहित विहिप गो रक्षा विभाग के पदाधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता व नगर के प्रमुख गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कावड़ियों पर कुल्हाड़ी और तलवार से किया हमला, पांच पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। सीतामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम नाटाराम में हुए विवाद के दौरान चली कुल्हाड़ी, पत्थर और तलवार के बाद पुलिस ने पांच लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है।**

सीतामऊ पुलिस ने बताया कि मामले में धारासिंह पिता मोहनलाल जाट निवासी बेटीखेडी की रिपोर्ट पर पवन पिता पप्पू पाटीदार, दिनेश पिता अंबाराम पाटीदार, दिलीप पाटीदार, नितेश पिता रामदयाल पाटीदार और गोविंद पिता अंबाराम पाटीदार निवासी नाटाराम के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि एक दिन पहले सोमवार शाम को कोटेश्वर महादेव कावड़ यात्रा से वापस आ रहे एक व्यक्ति पर उसके ससुराल वालों ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। उसे बचाने गए व्यक्तियों को भी लोगों ने तलवार, पत्थर और कुल्हाड़ी से मारा। हादसे में तीन लोगों के सिर और हाथों में चोट आई हैं। जिन्हें बड़े अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

यह हमला सोमवार को नाहरगढ थाना क्षेत्र के बेटीखेडी में हुआ। मामला लव मैरिज से जुड़ा हुआ है। जाट समाज के लोग कावड़ यात्रा लेकर सीतामऊ थाना क्षेत्र के कोटेश्वर महादेव गए थे। वापसी के वक्त गांव नाटाराम में धारा सिंह जाट नामक व्यक्ति पर कुछ लोगों ने कुल्हाडी से हमला कर दिया, धारा सिंह का बचाव करने पहुंचे नंदकिशोर जाट और दिनेश जाट के साथ भी लोगों ने तलवार पत्थर और कुल्हाडी से जमकर मारपीट की गई। धारा सिंह के सिर और हाथ में चोट लगी है तो नंदकिशोर के हाथ पैर और सिर बुरी तरह जख्मी है, वहीं दिनेश जाट के सर में चोट में चोट आई है। तीनों घायलों को मंदसौर के बड़े पहुंचाया गया। जहां उनका इलाज किया जा रहा है।

**ससुराल पक्ष के लोगों ने पीटा...**

धारा सिंह से ने बताया वह कोटेश्वर महादेव जल चढ़ाकर वापस आ रहे थे, इसी बीच ससुराल पक्ष के लोगों ने मारपीट की है जिसमें उनके दोनों भाई भी घायल हुए हैं। विवाद का कारण बताते हुए उन्होंने कहा कि 06 साल पहले पाटीदार समाज की युवती सलोनी से उन्होंने लव मैरिज की थी, इसी बात से खफा सलोनी के पिता गोविंद पाटीदार, भाई नितेश पाटीदार और चाचा विदेश पाटीदार ने दीपक पाटीदार, पवन पाटीदार और दिलीप पाटीदार के साथ मिलकर हमला कर दिया। धारा सिंह ने प्रशासन से आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही करने की मांग की है।

# चांदी की तेजी नहीं थम रही.!

### एक ही दिन में 02 हजार रुपए से ज्यादा का उछाल

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** चांदी के भाव में तेजी लगतार जारी है। सोमवार को सराफा बाजार खुला तो भाव में एक ही दिन में 02 हजार 150 रुपए प्रतिकिलो की तेजी आई और भाव 01 लाख 14 हजार 600 रुपए प्रतिकिलो पर पहुंच गए। यह अब तक के चांदी के ऑल टाइम हाई भाव हैं। इस महीने 08 हजार 600 रुपए प्रतिकिलो की तेजी आई है। एक जुलाई को भाव 01 लाख 06 हजार रुपए प्रतिकिलो थे। इस साल की बात की जाए तो इस साल चांदी में 25 हजार 300 रुपए प्रतिकिलो की तेजी आई है। मंगलवार शाम तक भाव लगभग स्थिर रहे।



**सोने में भी 1100 रूपये की तेजी...**

चांदी के साथ ही सोने में भी तेजी जारी है। सोने में 1100 रुपए प्रति दस ग्राम की तेजी आई और भाव 99 हजार 500 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गए। शनिवार को सराफा बाजार में सोना 98 हजार 400 रुपए प्रति दस ग्राम था। जेवराती सोना 90 हजार 959 रुपए प्रति दस ग्राम बिका। भाव 89 हजार 300 रुपए प्रतिकिलो थे। व्यापारियों के मुताबिक तेजी आगे भी जारी रहेगी।

**इस साल 01 लाख 3 हजार तक जा सकता है सोना...**

सराफा बाजार के जानकारों के मुताबिक अमेरिका के टैरिफ के चलते जियो पॉलिटिकल टेंशन बने हुए हैं। इससे गोल्ड को सपोर्ट मिल रहा है। इससे गोल्ड की डिमांड बढ़ रही है। ऐसे में इस साल सोना 01 लाख 03 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी इस साल 01 लाख 30 हजार रुपए तक जाने की संभावना है।

**इस साल 23 हजार रूपये महंगा हुआ सोना...**

इस साल यानी 01 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76 हजार रुपए से लगभग 23 हजार रुपए बढ़कर 99 हजार रुपए पार पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86 हजार रुपए प्रति किलो से 28 हजार रुपए बढ़कर 01 लाख 14 हजार रुपए पार पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12 हजार 810 रुपए महंगा हुआ था।

**सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें...**

ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एयूआईडी कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- एजेड4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

# दुधाखेड़ी माताजी मंदिर में भक्तों ने पकड़े बाइक चोर

### भीड़ ने की चोरों की पिटाई, मेडिकल के दौरान आरोपी मौके से हो गये थे फरार, फिर पकड़ाए

**भानपुरा, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस। तहसील क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल आरोग्यधाम दुधाखेड़ी माताजी मंदिर पर सोमवार को दर्शन के लिए आए श्रद्धालु की बाइक चोरी की कोशिश उस समय विफल हो गई जब स्थानीय लोगों ने सतर्कता दिखाते हुए दोनों चोरों को रंगे हाथ पकड लिया। मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई और चोरों की जमकर पिटाई भी की गई।**

बाइक मालिक बद्रीसिंह सोंधिया राजपूत निवासी रामनगर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी पल्सर बाइक आरजे 17 एस वाय 2082 को रामसिंह गुर्जर (21 वर्ष) और राकेश धोबी (20 वर्ष), दोनों निवासी रामगंजमंडी द्वारा चोरी करने का प्रयास किया गया। लेकिन, लोगों की सतर्कता से दोनों पकडे गए। सूचना मिलते ही बीट प्रभारी एएसआई सुनील तोमर मौके पर पहुंचे और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया। चोरी की गई बाइक भी पुलिस ने जब्त कर ली है। हालांकि, पुलिस जब दोनों आरोपियों को मेडिकल परीक्षण के लिए शासकीय चिकित्सालय भानपुरा लेकर जा रही थी, तभी आरोपी रामसिंह गुर्जर पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। इससे अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सरगर्मी से सर्च अभियान चलाया, जिसके बाद आरोपी को न्यायालय परिसर के पीछे स्थित कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पास झाड़ियों से गिरफ्तार कर लिया गया। थाना भानपुरा में दोनों के विरुद्ध विधिवत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।




# कलेक्टर एवं सीईओ ने जनसुनवाई के दौरान 86 मामलों में सुनवाई की

**मंदसौर, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** जिला स्तरीय जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री अनुकूल जैन द्वारा सुशासन भवन सभाकक्ष में 86 आवेदकों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को जल्दी निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मंदसौर जिले के बानीखेडी निवासी आवेदक भेरूलाल ने जमीन पर कब्जा रोकने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार दलोदा को निर्देश दिए कि जांच कर उचित कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के चंदवासा निवासी आवेदक मदनलाल ने खेत की जमीन पर लगी खाई हटाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर एसडीएम गरोठ को निर्देश दिए कि जांच कर कार्यवाही करें। मंदसौर जिले के बरदल निवासी आवेदक रामकन्याबाई ने रास्ता खुलवाने के संबंध में आवेदन दिया। जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को निर्देश दिए कि जांच कर तुरंत रास्ता खुलवाए। इसके साथ ही जनसुनवाई के दौरान कृषि भूमी का पट्टा बनाने, सार्वजनिक जमीन पर अतिक्रमण हटाने, पीएफ की राशि दिलवाने, पीएम आवास योजना का लाभ प्राप्त करने, बी पी एल राशन कार्ड बनवाने, आर्थिक सहायता दिलवाने, रास्ते के विवाद का निराकरण कराने व पिछड़ा वर्ग के निर्धन छात्रों को छात्रावास में रहने की व्यवस्था कराने इत्यादि तरह-तरह के आवेदन आये।

# कार से डोडाचूरा तस्करी करते एक गिरफ्तार, एक फरार

**पिपलियामंडी, 22 जुलाई गुरु एक्सप्रेस।** नाहरगढ़ पुलिस ने डोडाचूरा तस्करी करने वालों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कार से डोडाचूरा तस्करी कर रहे एक आरोपी को धर दबोचा, जबकि उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पकडे गए आरोपी से पूछताछ में तस्करी का पूरा नेटवर्क सामने आया है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कार में डोडाचूरा की तस्करी की जा रही है। सूचना पर नाहरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए विशनिया चौपाटी पर घेराबंदी कर संदिग्ध कार क्रमांक एमपी 41 सीबी 1531 को रोकने का प्रयास किया। इस दौरान कार में सवार एक व्यक्ति पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया, वहीं एक को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में पकडे गए आरोपी ने अपना नाम भेरुसिंह पिता राघुसिंह सौंधिया राजपूत निवासी लखु पिपलिया थाना सीतामउ बताया। फरार हुए साथी का नाम दिलीपसिंह पिता तूफानसिंह राजपूत निवासी लोंगनी थाना सीतामउ बताया गया है। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उसमें से तीन कट्टों में भरा करीब 60 किलो डोडाचूरा बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद मादक पदार्थ व कार को जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तार आरोपी को रिमाण्ड अवधि पूर्ण होने के बाद न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उसे जेल भेजने के आदेश जारी किए गए। पुलिस अब फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## शादी का झांसा देकर ठगी...

पेज 1 से जारी

शादी का झांसा देकर विभिन्न बहानों से कुल 02 लाख 66 हजार रुपये ऐंठ लिए। बाद में फरियादी को ठगी की आशंका हुई और आरोपी ने संपर्क बंद कर दिया। पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद, एएसपी टीएस बघेल और सीएसपी जितेन्द्र भास्कर के निर्देशन में गठित विशेष टीम ने साइबर सेल की सहायता से आरोपी रमणिक वर्मा को चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने यह भी कबूला कि वह पहले भी कई लडकियों से इसी तरह ठगी कर चुका है। आरोपी की मां उषा वर्मा और जीजा कमलेश सोनी की संलिप्तता भी सामने आई है, जो फिलहाल फरार हैं। पुलिस ने आरोपी से तीन मोबाइल फोन (कीमत 1.50 लाख रुपये) और एक डेल कंपनी का लैपटॉप (कीमत 65 हजार रुपये) जब्त किया है। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह राठौड़, उप निरीक्षक कुलदीप सिंह राठौर सहित साइबर टीम के आशीष बैरागी, मनीष बघेल, नरेंद्र, भानुप्रताप और शैलेन्द्र की सराहनीय भूमिका रही। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश के साथ अन्य पीड़ितों की जानकारी जुटाने में लगी है।


**कार्यालय- दीपक सैनी एडव्होकेट**

गौल चौराहा नई आबादी स्कीम नंबर-2 रोड़ नं. 3. मंदसौर

मोबाईल 8085621888, 7987714980 फोन नंबर 07422-356589)

दिनांक- 22.07.2025

*****जाहिर सूचना *****

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि लालसिंह पिता दयाराम जाति-डांगी निवासी ग्राम भोलिया तहसील व जिला मंदसौर के स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य का आवासीय मकान जो भूमि सर्वेक्षण संख्यांक 445 (बी), भूखण्ड क्रमांक 376 (पी) ग्राम भोलिया गाईड लाईन अनुसार प.ह.नं. 00129, तहसील व जिला मंदसौर में स्थित है. जिसका सह स्वामित्व विलेख ई-पंजीकरण क्रमांक-MP15IGR17852025 A100611075 दिनांक 15.07.2025 से पत्नि श्रीमती रेखाबाई पति लालसिंह जाति-डांगी निवासी ग्राम भोलिया तहसील व जिला मंदसौर को अपना सहस्वामी बनाया गया है। उक्त मकान की चर्तु सीमा व पैमाईश निम्नवत है-

चर्तु सीमा- पूर्व में-कारूलाल पिता रतनलाल का मकान, पश्चिम में - रगलाल डांगी का मकान व मांगुसिंह की भूमि, उत्तर में-दुलेसिंह की भूमि, दक्षिण में -आम रास्ता, कुल क्षेत्रफल 68 वर्गमीटर है। उक्त संपत्ति पर लालसिह पिता दयाराम द्वारा India Shelter Finance Corporation Ltd Branch Mandsaur से ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिया है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक आदि का भार, बोझ आदि उक्त संपत्ति पर हो या कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना पत्र प्रकाशन से 7 दिवस के अंदर मेरे कार्यालयीन समय में लिखित में मय प्रमाण के प्रस्तुत करें। वरना बाद गुजरने मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। सो सूचित हो।

भवदीय

दीपक सैनी, एडव्होकेट मंदसौर



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भवन क्रमांक LIG II 299 श्री जीवन कोठारी पिता एकनाथ कोठारी को मण्डल द्वारा वर्ष 1990 में आवंटित किया गया था । उक्त भवन का विक्रय - विलेख / पट्ठाभिलेख दिनांक 31.03.2000 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीबद्ध किया गया था। श्री जीवन कोठारी पिता एकनाथ कोठारी द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री रनसिंह तोमर पिता शीतलसिंह को करके विक्रय पत्र दिनांक 22.04.2000 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया था । क्रेता श्री रनसिंह तोमर पिता शीतलसिंह की मृत्यु दिनांक 15.03.2025 को हो जाने से इनकी पत्नी श्रीमती सुमन तोमर उक्त विक्रय पत्र, परिवार की सहमति एवं अन्य प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर भवन का नामांतरण अपने नाम से करवाना चाहती है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भवन क्रमांक LIG II 299 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्रीमती सुमन तोमर पति रनसिंह तोमर के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा ।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी किटियानी मंदसौर स्थित भूखण्ड क्रमांक LIG.I.166 श्री बाबूलाल जैन पिता मांगीलाल जैन वर्ष 1986 में आवंटित किया गया था। इनके द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री शांतिलाल पिता किशनलाल श्रीमाल को करके विक्रय पत्र दिनांक 14.07.1999 को उप पंजीयक कार्यालय मंदसौर में पंजीयन निष्पादित करवा दिया था। श्री शांतिलाल पिता किशनलाल श्रीमाल द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पिता कन्हैयालाल गुप्ता को करके विक्रय पत्र दिनांक 30.05.2001 को इनके पक्ष में पंजीबद्ध करवा दिया था । उक्त विक्रय पत्रों एवं अन्य प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पिता कन्हैयालाल गुप्ता भूखण्ड का नामांतरण अपने नाम से करवाना चाहते है।

अत : इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर भूखण्ड क्रमांक LIG.I. 166 किटियानी मंदसौर का नामान्तरण श्री राजेन्द्र कुमार गुप्ता पिता कन्हैयालाल गुप्ता के नाम से कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)



**कार्यालय सम्पदा प्रबंधक**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर**

**नामान्तरण –सूचना**

मण्डल की आवासीय कॉलोनी गाँधी नगर मंदसौर स्थित भवन क्रमांक E-19 श्री नरेन्द्र शर्मा पिता श्री दशरथ शर्मा मण्डल आदेश क्रमांक 726 दिनांक 27.01.2014 द्वारा नामांतरित किया गया था । उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 06.06.2014 को इनके पक्ष में पंजीबद्ध करवाया गया था। श्री नरेन्द्र शर्मा पिता श्री दशरथ शर्मा द्वारा उक्त भवन का विक्रय श्री संतोष टेलर पिता श्री राधेश्याम टेलर को कर विक्रय पत्र दिनांक 24.03.2024 को इनके पक्ष में पंजीयन निष्पादित करवाया गया था। उक्त विक्रय पत्र एवं प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त भवन का नामान्तरण श्री संतोष टेलर पिता श्री राधेश्याम टेलर अपने नाम पर करवाना चाहते है।

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/संस्था/परिवार के सदस्य/वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति/उर्ज हो तो वह विज्ञापन प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में मय ठोस प्रमाण के कार्यालय में प्रस्तुत करे समयावधि व्यतीत हो जाने पर उक्त भवन का नामांतरण श्री संतोष टेलर पिता श्री राधेश्याम टेलर के नाम कर दिया जावेगा उसके पश्चात कोई भी दावा/आपत्ति/उर्ज मान्य नही होगा।

(रिपुदमन सिंह चंद्रावत)सम्पदा प्रबंधक
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल मंदसौर (मप्र)


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडि्या एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 313880, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in